E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 53 / 2025 दिनांक : 23 / 01 / 2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल केन्द्राध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषयः– सत्र 2024–25 के बी0ए0, बी0एससी0 एवं बी0काम0 पाठ्यक्रम के तृतीय अधिसत्र में साइबर सुरक्षा (Cyber Security) रोजगार परक पाठ्यक्रम की परीक्षा के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

अवगत कराना है कि कार्यालय आदेश संख्या–सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / Acad / 412 / 2024 दिनांक 24.09.2024 के द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 के बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम पाठ्यक्रम के तृतीय अधिसत्र में अध्ययनरत् सभी छात्र / छात्राओं हेतु साइबर सुरक्षा (Cyber Security) रोजगार परक पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से लागू किया गया था। उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / COE / 29 / 2025 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा उक्त पाठ्यक्रम की परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type) से **दिनांक 02.02.2025 को पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न** होने की सूचना दी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पूर्व में भी विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / COE / 797 / 2024 दिनांक 23.11.2024 के द्वारा सत्र 2024–25 के तृतीय अधिसत्र में अध्ययनरत् बी0ए0, बी0एससी0 तथा बी0कॉम0 के सभी छात्र / छात्राओं को साइबर सुरक्षा (Cyber Security) रोजगार परक पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराने हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु अभी तक कुछ महाविद्यालयों द्वारा अपने तृतीय अधिसत्र में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं का उक्त पाठ्यक्रम में पंजीकरण नहीं कराया गया है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **तृतीय अधिसत्र में अध्ययनरत् समस्त छात्र / छात्राओं का पंजीकरण दिनांक 27.01.2025 तक अनिवार्य रूप से** कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में गैर पंजीकृत छात्र / छात्राओं को उक्त पाठ्यक्रम की परीक्षा में सम्मिलित कराया जाना सम्भव नहीं होगा तथा उनका परीक्षाफल भी घोषित नहीं किया जायेगा।

भवदीय

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अधिष्ठाता, अकादमिक, सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर।
2. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्, सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर।
3. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्त अधिकारी।
5. पी0एम0यू0 / कोडिंग।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

23.01.25

**(अजय कुमार गौतम)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)